विकास कार्यों की डीपीआर सटीक व व्यवहारिक बनाएं : सांसद

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल. विकास कार्यों की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तकनीकी शुद्धता और बारीकी के साथ तैयार की जाए, ताकि बार-बार संशोधन की स्थिति न बने। उन्होंने स्पष्ट कहा कि डीपीआर में त्रुटियों के कारण परियोजनाओं की लागत और डिजाइन में बदलाव करना पड़ता है, जिससे कार्यों में अनावश्यक देरी होती है। इसलिये पहले से ही पूरी गंभीरता के साथ डीपीआर तैयार करें। इस आशय के निर्देश सांसद भारत सिंह कुशवाह ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्वालियर शहर के विकास में बड़े आयाम के रूप में जुड़ने जा रहे विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया।

सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई दिशा की बैठक में सांसद कुशवाह ने कहा कि मैदानी स्तर पर विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं का विभागीय समन्वय बनाकर तत्परता से निराकरण करें। साथ ही निर्माण कार्यों की मॉनीटरिंग भी बारीकी से हो। उन्होंने अगली बैठक में हर बड़े विकास कार्य की तुलनात्मक भौतिक व वित्तीय प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कार्यों के पूर्ण होने की समय-सीमा, गुणवत्ता नियंत्रण और जवाबदेही तय करने पर भी बल दिया।

बैठक में एलीवेटेड रोड, ठाठीपुर पुनर्घनत्वीकरण योजना, चंबल पेयजल प्रोजेक्ट, रेलवे स्टेशन उन्नयनीकरण, वेस्टर्न बायपास, ग्रीन फील्ड आगरा-ग्वालियर एक्सप्रेस-वे, राज्य सड़क विकास प्राधिकरण, एनएचएआई व लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कें व अन्य विकास कार्य, पर्यटन विकास निगम द्वारा स्वीकृत कार्य, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल व्यवस्था इत्यादि सहित अन्य विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत व जनपद पंचायत मुरार के अध्यक्ष दिलराज सिंह किरार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयराज कुबेर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

सांसद भारत सिंह कुशवाह ने समीक्षा बैठक में कहा कि स्वीकृत डीपीआर के अनुसार ही विकास कार्य कराए जाएं। अपनी मर्जी से निर्माण कार्यों में कोई बदलाव न करें। उन्होंने एलीवेटेड रोड के प्रथम चरण में तानसेन नगर क्षेत्र में 9 नम्बर पुलिया के समीप निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए।

शहरी एवं ग्रामीण सरकारी अस्पतालों में लगाई एचआरपी क्लीनिक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत दो दिन 25 एवं 27 अप्रैल को जिले की 31 सरकारी अस्पतालों में एचआरपी क्लीनिक लगाकर गर्भवती माताओं की जांच की गई। एच.आर.पी. क्लीनिकों पर 836 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई इनमें से 297 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया।

ग्वालियर जिले में कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान की अगुवाई में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत हर माह की 9 व 25 तारीख को चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाकर हाईरिस्क गर्भवती माताओं की जांच की जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में 31 स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित हुई एचआरपी क्लीनिक मे 836 गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क सोनोग्राफी, हीमोग्लोवबिन सहित खून की अन्य जांचे और यूरिन की जांच भी कराई गई इनमें से 297 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया, इनमें से 43 महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया और 225 महिलाओं की अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की गई। साथ ही 55 महिलाओं को आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगाया गया।

जला स्वास्थ्य अधिकारी-1 डॉ. दीपाली माथुर ने बताया कि हर माह की 9 एवं 25 तारीख को हाई रिस्क (अधिक जोखिम) वाली गर्भवती महिलाओं की जांच महिला चिकित्सक द्वारा की जाती है। जिले में जिन स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाई जाती है उनमें जिला चिकित्सालय मुरार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हस्तिनापुर, भितरवार, मोहना, डबरा व दीनदयालनगर शामिल हैं। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उटीला, चीनौर, वीरपुर, आतरी, पिछोर व कुलैध, प्रसूति गृह माधौगंज व बिरलानगर, यूपीएचसी लक्ष्मीगंज, हुरावली, पंतनगर, ठाठीपुर, बहोड़ापुर, निम्माजी की खो व सिविल हॉस्पिटल हजीरा , सिविल डिस्पेंसरी जनकगंज व सिविल अस्पताल हेमसिंह की परेड शामिल हैं एवं आदर्श मिल, सागर ताल, नाका चंद्रवंनी, तृप्ति नगर,राजा की मंडी, मेहरा कालोनी, तुरारी पीएचई कालोनी में एचआरपी क्लिनिक आयोजित की जाती हैं।

आज और कल बारिश का अलर्ट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल. ग्वालियर में आज मंगलवार एवं बुधवार को हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान से गर्म हवा शहर को झुलसा रही है, जबकि बंगाल की खाड़ी में बना पश्चिमी विक्षोभ के बादल धीरे-धीरे ग्वालियर की ओर बढ़ रहे हैं, अभी यह बंगाल, बिहार, झारखंड के ऊपर डेरा जमाए हुए हैं, जो कि लगभग 15 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से ग्वालियर की ओर बढ़ रहे हैं। शहर का न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री दर्ज किया गया है, जो कि सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री दर्ज किया गया है जो कि सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है, जो कि धीरे-धीरे ग्वालियर की ओर बढ़ रहा है, इसमें से अधिकांश बादल हिमालय की ओर चले जाएंगे जिससे पहाड़ी क्षेत्र में जोरदार बारिश की संभावना है, इसके साथ ही ग्वालियर में भी बादल आएंगे। ग्वालियर में इस समय राजस्थान की ओर से गर्म हवा आ रही है, जिससे शहर लगभग झुलस रहा है, हालत यह है कि रात और दिन दोनों ही सामान्य से अधिक गर्म चल रहे हैं।

दूल्हों के पिता और चाचा को लुटेरों ने लूटा, बहोड़ापुर और ग्वालियर थाना क्षेत्र में घटी वारदातें

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल. एक बार फिर से लुटेरों ने शहर में एंट्री की है। मात्र सत्रह मिनट में दो बारातों को निशाना बनाकर दूल्हों के पिता व चाचा को निशाना बनाया है। पहली वारदात बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के राजवाड़ा पैलेस के सामने दूल्हें के चाचा के साथ घटी, जिसमें 50 हजार नकदी के साथ ही बदमाश सोने के जेवर तथा अन्य सामान लूट ले गए। वहीं दूसरी वारदात ग्वालियर थाना क्षेत्र के लघेड़ी स्थित पटेल बरात घर के सामने दूल्हें के पिता एक्स आर्मी मैन के साथ अंजाम दी। इनसे लुटेरे 95 हजार रुपए से भरा बैग लूट ले गए। घटनाओं का पता चलते ही पुलिस एक्टिव हुई और लुटेरों की तलाश की। दोनों घटनाएं सीसीटीवी में कैद हुई हैं। दोनों बदमाश पल्सर पर नकाब लगाकर आए थे। दोनों ही बदमाश 25 से 30 की आयु के बताए जाते हैं। खास बात यह है कि दोनों ही वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाश एक ही गिरोह के हैं।

सीसीटीवी में कैद दोनों वारदातें

जिस जगह पर लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया है। दोनों ही स्थानों पर सीसीटीवी लगे हुए हैं और दोनो ही वारदातें सीसीटीवी में कैद हुई हैं। अब पुलिस इन फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में लग गई है।

इनका कहना है ...

बाइक सवार बदमाशों ने दो वारदातों को अंजाम दिया है। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है और बदमाशों की तलाश की जा रही है, जल्द ही लुटेरों को पकड़ लिया जाएगा।

कृष्णपाल सिंह, सीएसपी ग्वालियर

सत्रह मिनट में हुई दो लूटें

गोल का मंदिर स्थित कमला पैलेस हनुमान नगर निवासी कामता प्रसाद श्रीवास पुत्र रामचरण श्रीवास पार्षद बृजेश श्रीवास के पिता हैं। बीती रात उनके छोटे भाई के बेटे शिवांक की शादी का कार्यक्रम बहोड़ापुर में राजवाड़ा पैलेस में आयोजित हो रहा था। नकदी से भरा बैग कामता प्रसाद पर बारात की चढ़ाई शुरू हुई तो वह थोड़ा आगे चले गए और राजवाड़ा पैलेस के पास खड़े होकर बारात का इंतजार कर रहे थे। वह चौराहे पर खड़े हुए थे कि तभी पल्सर बाइक से आए दो युवक उनसे थोड़ा आगे निकले और फिर वापस आए। उनके पास आते ही पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारा और उनसे नकदी भरा बैग लूट ले गए। जैसे ही बदमाश ने झपट झपट्टा मारा उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर आकर गिरे, जिससे उन्हें हल्की चोटें आईं, लेकिन वह उनकी परवाह किए बिना उठे और शोर मचाया, लेकिन उससे पहले ही बदमाश बाइक को गति देकर फरार हो गए। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

झपट्टा मारने से हाथ में लगा झटका

जिस तरह बदमाशों ने झपट्टा मारा, उनके हाथ में झटका लगने से चोट लग गई, क्योंकि वह उस समय रिलेक्स थे और अचानक हुई घटना के कारण उन्हें चोट लगी है। पीड़ित ने बताया कि बैग में नकदी के साथ ही कई बिल थे, जिसमें वह एडवांस भी दे चुके हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाल रहीं है। दूसरी लूट हजीरा स्थित लूटपुरा रामनगर निवासी 50 वर्षीय जोगेन्द्र सिंह तोमर पुत्र गेंदा लाल तोमर रिटायर्ड आर्मी जवान है और उनके बेटे अभय सिंह की शादी का कार्यक्रम पटेल बारात घर से हो रहा था। बारात के दरवाजे पर पहुंचने के बाद वह बैंड बाजों वालों को पैमेंट देने के लिए उनके पास गए वैसे ही बदमाशों ने झपट्टा मारा और बैग को छीन ले गए। वहां पर मौजूद लोगों ने बाइक सवारों का पीछा किया, लेकिन वह बाइक को रफ्तार देकर निकल गए। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। सत्रह मिनट में दो लूट की वारदातों का पता चलते ही पुलिस एक्टिव हो गई और नाकाबंदी कराकर चेकिंग शुरू कराई, लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आए। लेकिन पुलिस के एक्टिव होने के कारण बदमाश गायब हो गए और अन्य घटनाएं रूक गई।

निगम परिषद की बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल। नगर निगम परिषद के विशेष अभियाचित सम्मेलन का आयोजन पदेन सभापति मंजू दिग्विजय सिंह राजपूत की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। निगम परिषद में आयोजित बैठक में कहा गया कि विगत दिवस संसद में कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को देश की आधी आबादी के विरुद्ध एक कुटिल षड्यंत्र पूर्वक गिराया जाना देश की महिलाओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। देश की सभी विधानसभाओं व संसद में महिलाओं को मिलने वाले प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण का कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियों ने षड्यंत्र पूर्वक गला घोंट दिया। इन महिला विरोधी पार्टियों का यह कदम बेहद निंदनीय है। इस पर चर्चा उपरांत निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

युवती से ठगी, जेवर सहित नगदी भी ठग ले गई महिला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल। शहर में एक बार फिर जेवर ठगने वाले गिरोह ने दस्तक दे दी है। दो दिन में ठगों ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो वारदातों को अंजाम दिया है। दोनों वारदातों में लाखों के जेवर गए हैं। पहली घटना जनकगंज थाना क्षेत्र की तो दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। लगातार दो घटनाएं घटने से अब पुलिस अलर्ट मोड पर है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जनकगंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया निवासी 30 वर्षीय बबीता खटीक पत्नी दिलीप खटीक प्राइवेट जॉब करती हैं। दो दिन पहले वह जॉब से वापस लौट रही थी और अपने घर के पास पहुंचीं तो वहां पर मोहल्ले में एक महिला अन्य महिलाओं से कह रहीं थी कि

दो दिन में दो महिलाओं के साथ हुई वारदात की बात कर रही थी। इसे देखकर वह भी महिला के पास पहुंची और बातचीत की तो पता चला कि वह लोन दिलवाने का काम करती है और महिलाओं के लोन के फार्म भरवाने की बात कर रही थी। इसके बाद महिला उसे व उसकी दस वर्षीय बेटी रिंकी को झांसे में लेकर खेड़ापति मंदिर पहुंची और एक पेड़ के नीचे बैठा दिया। इसके बाद उसे बातों में उलझाया और उसके गहने सोने का मंगलसूत्र, बीजासेन, कानों के टॉप्स, एक छल्ला, चांदी की पायजेब, दो चूड़ी और तीन हजार रुपए पर्स में रखवा दिए। इसके बाद बेटी को पर्स देकर उसे प्रसाद चढ़ाने के लिए ले गई और वहां से फार्म भरवाने के नाम पर मंदिर के पीछे ले गई और एक स्थान पर बिठाने के बाद उसे बताया कि उसका नाम बुलेगा। इसके बाद वह वहां से चली गई। करीब पांच से सात मिनट इंतजार करने के बाद जब उसे शंका तो पता चला कि उक्त महिला उससे पर्स छीन कर भाग गई है। इसका पता चलते ही वह थाने पहुंची और मामले शिकायत की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

युवक की मिली लाश, छह दिन से था लापता

ग्वालियर। एक युवक की लाश सागर ताल में उतराती मिली है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की तो उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई है। युवक छह दिन से लापता था और उसकी गुमशुदगी ग्वालियर थाने में दर्ज है। पुलिस ने शव को पीएम हाउस पहुंचा कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आलोक परिहार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक की लाश सागर ताल में उतरा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की लाश गहराई में थी। जिसके चलते मौके पर गोताखोरों को बुलाया गया और गोताखोरों की मदद से उसका शव बाहर निकलवाया। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से एक आधार कार्ड मिला। आधार कार्ड श्याम बाथम पुत्र नंदराम बाथम उम्र 27 साल निवासी राजामंडी काली माता मंदिर के नाम से था। इसका पता चलते ही ग्वालियर थाना पुलिस को सूचना दी। जिससे मृतक की पहचान उसके भाई रिंकू बाथम ने की। मृतक के भाई ने बताया कि श्याम बाथम और वह दो भाई है। श्याम प्राइवेट जॉब करता था। कुछ दिन पहले अचानक वह गायब हो गया था।

एमिटी विवि में एआई-चालित स्वचालन पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल। एमिटी विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 'एआई-चालित स्वचालन: अवसर, चुनौतियाँ और वास्तविक जीवन अनुप्रयोग' विषय पर राष्ट्रीय स्तर का वेबिनार ऑनलाइन आयोजित किया गया। इसमें कुल 268 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम सतत विकास लक्ष्यों के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा उद्योग, नवाचार एवं अधोसंरचना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंजीनियरिंग संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. विकास थाड़ा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। जिन्होंने अपने संबोधन में औद्योगिक क्षेत्र में आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस की बढ़ती भूमिका और स्वचालन के माध्यम से उद्योगों में हो रहे बदलावों पर प्रकाश डाला।

वेबिनार का मुख्य आकर्षण विशेषज्ञ व्याख्यान रहा, जिसे टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड, पुणे के इंजीनियरिंग रिसर्च सेंटर में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत डॉ. रवि किरण इनापाकुर्थी ने प्रस्तुत किया। उन्होंने एआई-आधारित स्वचालन की परिवर्तनकारी क्षमता पर विस्तृत चर्चा करते हुए मशीन लर्निंग, इंटेलिजेंट सिस्टम्स और रोबोटिक्स जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों के वास्तविक जीवन में उपयोग को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। कार्यक्रम का समापन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राघवेंद्र शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने विशेषज्ञ वक्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के उद्योग विशेषज्ञों के सत्रों को छात्रों की दक्षता एवं रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. देवेंद्र रावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रिंकू भाटिया, डॉ. अजय डडोरिया, डॉ. नरेंद्र कुमार गर्ग एवं डॉ. शैली गोयल की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

शादी समारोह से लौटी युवती, पति आया तो फांसी पर लटकी मिली

ग्वालियर 27 अप्रैल. शादी में खाना खाकर वापस घर लौटी महिला ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना पनिहार थाना क्षेत्र के बरई बिजली घर के पास रात डेढ़ बजे की है। घटना का पता उस समय चला जब पति शादी से वापस आया तो पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। पनिहार थाना क्षेत्र के बरई बिजली घर के पास रहने वाली 22 वर्षीय पूनम आदिवासी पत्नी वीरू आदिवासी बीती रात पड़ोस में रहने वाले बादशाह आदिवासी की बेटी की शादी में शामिल होने गई थी।

कबाड़ा बीनने के विवाद में गला रेतने वाला आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल। कबाड़ा बीनने के मामूली विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले के आरोपी को

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में दबोच लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है।

फरियादी अशोक उर्फ देवेंद्र पाल ने अस्पताल में इलाज के दौरान बताया कि वह और आरोपी सद्दाम खान दोनों कबाड़ा बीनने का काम करते हैं। ज्यादा कबाड़ा बीनने की बात को लेकर सद्दाम उससे रंजिश रखता था। बीती रात जब अशोक बैंड मार्केट में कबाड़ा बेचने पहुंचा, तभी सद्दाम ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से अशोक के गले पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। कोतवाली थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने पिछड़ी ड्योढ़ी स्थित पानी की टंकी के पास घेराबंदी कर आरोपी सद्दाम खान (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पास के ही एक खंडहर से खून लगा चाकू बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मोहिनी वर्मा और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपी से फिलहाल अन्य मामलों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

गौ माता को 'राष्ट्र माता' का सम्मान दिलाने सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 27 अप्रैल। एकादशी के पावन अवसर पर ग्वालियर के मुरार क्षेत्र में गौ माता के सम्मान और उन्हें 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने की मांग ने अब जन आंदोलन का रूप ले

साधु, संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

लिया है। सोमवार को 'गौ सम्मान अभियान' के तहत निकाली गई भव्य पदयात्रा में संतों और आम नागरिकों का भारी हुजूम देखने को मिला।

देश के शीर्ष नेतृत्व के नाम सौंपा ज्ञापन- अभियान के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन तहसीलदार सुरेश यादव को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि गौ माता की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को देखते हुए उन्हें अविलंब 'राष्ट्र माता' घोषित किया जाए। तहसीलदार सुरेश यादव ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए उचित माध्यम से इसे शासन तक पहुँचाने का आश्वासन दिया है।

मंच पर जुटे संत और नामी हस्तियां- इस आयोजन में धर्म और सेवा का संगम देखने को मिला। पदयात्रा में मुख्य रूप से संत समाज से स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज लाल टिपारा गौशाला, महा त्यागी बाबा घनश्याम दास महाराज त्यागी बाबा आश्रम, सोनू बाबा रतवाई गौशाला और रामराजा सरकार के महंत, कला क्षेत्र से मुंबई से विशेष रूप से पधारीं अभिनेत्री गौरी और गौसेवक कुंज बिहारी शर्मा, किशन नरवरिया, विष्णु शर्मा,एड. रामलखन शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय युवा और महिलाएं उपस्थित रहे।

रामराजा मंदिर से तहसील तक गूँजा 'गौ माता' का जयघोष

प्रात: 10 बजे गौ माता चौक, रामराजा मंदिर,मुरार से शुरू हुई यह पदयात्रा तहसील टप्पा मुरार तक निकाली गई। यात्रा का मुख्य आकर्षण सजीव रूप में आगे चल रही गौ माता थीं, जिनका दर्शन कर राहगीर श्रद्धावनत नजर आए। इस यात्रा में लगभग 500 लोगों ने कदमताल किया, जबकि अभियान को शहर के 5000 से अधिक नागरिकों ने हस्ताक्षरित समर्थन दिया।

इनका कहना है...

राम मंदिर बनाने वाली सरकार से है पूर्ण विश्वास

हमें विश्वास है कि वर्तमान शासन गौ रक्षा और सम्मान के प्रति संवेदनशील है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वही शासन गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने हेतु सार्थक निर्णय लेगा।

स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज

गाय में 84 हजार भगवानों का वास है ऐसी हमारी गौ माता सड़कों पर भूखी प्यासी घूम रही है हमारी सरकार से मांग है कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देकर गौ माता की रक्षा की जाए।

महात्यागी घनश्याम दास महाराज

मैं यहां मुंबई से एक फिल्म की शूटिंग करने आई थी जब मुझे यह ज्ञात हुआ कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए संत महात्मा सड़कों पर उतर रहे हैं तो मैं भी इस अभियान में उनके साथ जुड़ गई और मुझे इसकी बहुत खुशी है।

दीपिका चौरसिया

ज्ञापन एक शुरुआत है शांतिपूर्ण तरीके से रैली निकाली गई हम शक्ति प्रदर्शन नहीं बल्कि गौ माता के लिए भारत सरकार से गौ माता के हक की मांग कर रहे हैं।

एड. राम लखन शर्मा

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95